वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 232 बुधवार 20 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## गोविंद देव मंदिर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में नंदोत्सव मनाया

### विधायक गोपाल शर्मा ने लिया निम्बाकार्चार्य महाराज का आशीर्वाद



**जयपुर. कासं।** गोविंद देव मंदिर स्थित सत्संग भवन में निम्बाकार्चार्य महाराज श्याम शरण देवाचार्य के सान्निध्य में चल रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को नंदोत्सव मनाया गया। इस भव्य समारोह में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भागवत कथा में शामिल होकर निम्बाकार्चार्य महाराज का आशीर्वाद लिया। भक्ति भाव में डूबे गोविंद देव जी के भक्तों के बीच गोपाल शर्मा ने भागवत कथा का रसपान किया। उन्होंने कहा कि जयपुर की समृद्ध भक्ति परंपरा के कारण इसे छोटी काशी के रूप में जाना जाता है। गोविंद देव जी इस नगरी के आराध्य हैं, इसलिए उनके मंदिर में निम्बाकार्चार्य महाराज की कथा होना और भी महत्वपूर्ण है। नंदोत्सव में निम्बाकार्चार्य महाराज ने व्यास पीठ से ''नंद के घर आनंद भए जय कन्हैया लाल की'' का उद्घोष किया तो सत्संग भवन जयकारों से गूंज उठा। निम्बाकार्चार्य महाराज ने कहा कि भारत भूमि भगवान का साक्षात बैकुंठ स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत की अस्मिता की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं को एकजुट रहना होगा। हमारा नारा होना चाहिए - ''जाति पंथ अनेक हैं, फिर भी हिंदू एक हैं। जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं।''

## उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने संतो का तुड़वाया अनशन

### पीपाड़ेश्वर हनुमान मंदिर विवाद के समाधान का किया वादा



**जयपुर. कासं।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर स्थित पापड़ के हनुमान जी मदिर पहुंचकर वीर हनुमान बजरंग बलि मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे अनशन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री दीया ने की मांगों को सुनकर संतों के आशीर्वाद से अनशन को खत्म करवाया। वहीं, उपराष्ट्रपति की नकल करने के मामले में उन्होंने कहा- देश के उपराष्ट्रपति जैसे उच्चतर पद पर आसीन माननीय जगदीप धनखड़ का उपहास उड़ाकर उनका अपमान करना और राहुल गांधी जैसे लोगों द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना, विडियो बनाना अत्यंत ही शर्मनाक है, घोर निंदनीय है। माननीय उपराष्ट्रपति के साथ यह दुर्व्यवहार करने वाले लोग कभी भी लोकतंत्र के हितैषी नहीं हो सकते हैं। विपक्षी सदस्यों का यह कुकृत्य भारतीय लोकतंत्र की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाला है। आज का दिन भारतीय लोकतंत्र का एक 'काला दिन' है।

# 28 दिसंबर से जयपुर में होगा राजस्थान सिने महोत्सव

### राजस्थानी सिनेमा को बढ़ावा देने की मुहिम, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड नाइट होंगे खास

**जयपुर. कासं**

एनके मित्तल और एलएस फिल्म्स की ओर से 'राजस्थान सिने महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। 28 दिसंबर, 2023 से 31 दिसंबर तक सुबह 11 से रात 10 बजे खासा कोठी स्थित माया इंटरनेशनल होटल में होने वाले महोत्सव में कला प्रेमियों को एंटरटेनमेंट का फुल डोज मिलेगा। इस संबंध में मंगलवार को मीडिया से रूबरू होते हुए आयोजकों ने आयोजन का खाका सबके सामने रखा। इस दौरान फिल्म निर्माता नंद किशोर मित्तल, लेखक और डायरेक्टर लखविंदर सिंह, फिल्म निमार्ता त्रिलोक नवलखा व गोपाल शर्मा, प्रसिद्ध साहित्यकार इकराम राजस्थानी, संगीत निर्देशक निजाम खान, इस्माइल खान, पंडित जयदेव शास्त्री, उषा जैन, राखी गुप्ता, माही कटारिया, पवन भगत और लेखक धनराज




दाधीच मौजूद रहे। एनके मित्तल ने बताया गया कि राजस्थानी लोक कलाओं समेत कई एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड नाइट, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स प्ले जोन, फूड कोर्ट महोत्सव के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। महोत्सव के तहत भव्य जश्न के साथ नए साल का स्वागत किया जाएगा।

### टॉकीज 24 ऐप की होगी लॉन्चिंग

28 दिसंबर को राजस्थान के अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म 'टॉकीज 24' ऐप की ग्रैंड लॉन्चिंग होगी। ऐप पर राजस्थानी मूवीज, फीचर फिल्म और वेब शोज की स्ट्रीमिंग होगी। 10 सालों से राजस्थानी सिनेमा के लिए काम कर रहे प्रोड्यूसर नंद किशोर मित्तल ने कहा कि पधारो म्हारे सिनेमा टैगलाइन के साथ टॉकीज 24 राजस्थानी सिनेमा की ओर बढ़ने का आह्वान करता है। राजस्थानी सिनेमा से केवल मनोरंजन ही नहीं, हमारी संस्कृति और परम्पराओं को भी विश्वपटल पर पहचान मिलेगी, साथ ही स्थानीय कलाकारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं मशहूर लेखक व डायरेक्टर लखविंदर सिंह का कहना है कि हमारे लोग, हमारी बोली में, हमारा सिनेमा देख सकें इसके लिए 'टॉकीज 24' सर्वश्रेष्ठ प्लेटफॉर्म है। एनके मित्तल और एलएस फिल्म्स 25 से अधिक राजस्थानी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है जिससे 300 से अधिक स्थानीय कलाकारों को राजस्थानी सिने जगत में काम करने का अवसर मिलेगा।










# एंबीशन किड्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव 'उमंग 2023' का हुआ भव्य आयोजन

## बच्चों ने दी एक एक भव्य प्रस्तुति, रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप नगर, श्योपुर रोड स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी का नौवां वार्षिकोत्सव ''उमंग 2023'' थीम पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं संवेदक व्यवसायी रमेश चन्द जैन- मंजू निमोडिया ने मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर के किया। इसके बाद एंबीशन किड्स के समस्त स्टाफ ने इंट्रोडक्शन दिया। इस मौके पर एम्बीशन किड्स ने विभिन्न प्रकार के नए पुराने तरानों पर मनभावक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सर्वप्रथम नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा सभागार में मौजूद परिजनों व ईस्ट मित्रों का सांता के साथ जोर शोर से वेलकम किया। इसके बाद चंदा चमके, लकड़ी की काठी, कोका कोला, लुक छुप ना जाओ जी, मेरे सामने वाली खिड़की में, मेरा जूता है जापानी, हम इंडिया वाले आदि विभिन्न गीतों पर प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त जल ही जीवन है को भी एम्बीशन किड्स द्वारा एक नृत्य नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया । इसमें जल की



महत्तता को रोचक तरीके से दशार्या गया। तदपश्चात एम्बीशन किड्स ने रानी लक्ष्मी बाई से लेकर आज के वीर सपूतों द्वारा भारत माता की रक्षा की संकल्पना को बखूबी से प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया और दशकों की तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। उपाचार्या अनीता जैन ने बताया कि इस मौके पर अभिभावकों के लिए भी सिनर्जी ऑफ ओल्ड एण्ड न्यू बॉलीवुड रेट्रो थीम पर रंगा - रंग कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमें अनेक प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया जिसमें से मिस्टर एंड मिसेज-एंबीशन का अवार्ड- तिलक जोशी - अनुपमा जोशी को दिया गया। बेस्ट एनर्जेटिक कपल का अवार्ड- दीपक एवं मुस्कान तांबी को दिया गया। बेस्ट डायनेमिक कपल का अवार्ड - मोनिका जैन- सपना जैन को दिया गया। इसके अतिरिक्त बेस्ट एन्थूजियास्टिक कपल का अवार्ड- राजेंद्र-अनीता प्रजापत, मोस्ट स्टाइलिश मॉम्स-राधिका-डॉली माथुर तथा बेस्ट इन्नोवेटिव मॉम का अवार्ड कृष्णा सैनी को दिया गया। संस्था सचिव डॉ शांति जैन तथा चेयरमैन डॉ एम एल जैन 'मणि' ने संयुक्त रूप से विजेता प्रतियोगियों को क्राउन पहनाया । समारोह के विशिष्ट अतिथि कैलाश जी,चंद्र प्रकाश जी - मालती जी सरणका द्वारा विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया तथा निदेशक डॉ मनीष जैन एवं प्राचार्या डॉ. अलका जैन द्वारा विजयी प्रतियोगियों को सैशे पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजिका ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि रमेश जैन निमोडि़या किसी परिचय के मोहताज नहीं है ।शुरू से ही स्वयं का व्यापार करने की प्रबल इच्छा के चलते राजकीय निर्माण कार्य के लिए पंजीयन करवा कर सफलता की सिड्ढी पर अपनी अथक- मेहनत व लगन से आज विभिन्न राजकीय विभागों में 'अअ' श्रेणी के सफलतम संवेदक (ठेकेदार ) है। वे बिल्डर के रूप में भवन निर्माण के कार्य को पूरी गुणवत्ता व समय की पाबंदी के साथ अंजाम देते हैं ।धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र मे विभिन्न आयाम के रूप में छोटे गिरनार की कल्पना व निर्माण के रूप में महती भूमिका प्रमुख है ।उन्होंनें एंबीशन विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने बताया कि एक राष्ट्र के लिए एक अच्छा नागरिक होना अत्यंत आवश्यक है और अच्छे नागरिक का निर्माण एक आदर्श विद्यालय ही कर सकता है । इस दृष्टिकोण को एंबीशन किड्स एकेडमी द्वारा मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है। यहां पर एकेडमिक स्टडी के साथ-साथ को- करिकुलर एक्टिविटीज पर भी अत्यंत ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्र का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होम्योपैथ तथा चेयरमैन डॉ एम एल जैन 'मणि' द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों , अतिथियों तथा स्टाफ सदस्यों को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने केलिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# वार्षिकोत्सव 'उमंग 2023' का भव्य आयोजन

प्रताप नगर, श्योपुर रोड स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी का नौवां वार्षिकोत्सव ''उमंग 2023'' थीम पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं संवेदक व्यवसायी रमेश चन्द जैन- मंजू निमोडिया ने मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर के किया।





















## वेद ज्ञान

### जीवन को दिशा देने के लिए सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए

जीवन उत्सवमय तभी होता है, जब सभी को साथ लेकर चलें। एकाकीपन नीरसता लाता है। निष्ठुरता लाता है। संसार में विविधता है और इस विविधता में ही पार पाना है। समूह-भाव से ही जीवन-उत्सव बनता है। परिजन मिलकर रहें। सबको साथ लेकर चलना ही अभीष्ट है। पर्वों को तो विशेष उत्साह से मनाएं। सबके मंगल की कामना करें। पर्वों पर अड़ोस-पड़ोस और परिजनों का विशेष ध्यान रखें। कोई भूखा न रह जाए। केवल अपने लिए जीना या स्व उदरपूर्ति तक केंद्रित रहना अच्छी बात नहीं है। जीवन संस्कारमय तो तभी होगा, जब समग्रता के साथ गुणों का संवर्धन होगा। इसलिए आत्मचेतना का सामाजिक विस्तार निरंतर बना रहना चाहिए। जब ईश्वर ने हमें सेवा के योग्य बनाया है तो सेवा से संबंधित विविध कार्यों का विस्तार होना चाहिए। सेवा हमारे मन की पावन भावना है, जो हमें राग-द्वेष और भेदभाव से ऊपर उठाती है। सामूहिक भाव मन में प्रसन्नता लाता है। पर्व और मेले सामूहिक संस्कार को जगाते हैं, किंतु आज की भागमभाग जिंदगी में हम पर्वों का आनंद भी नहीं उठा पाते। सत्संग में नियमित सम्मिलित होना चाहिए। जीवन को दिशा देने के लिए, विषाद को दूर करने के लिए ये बहुत उपयोगी हैं। इनसे ईश्वरीय विचार पुष्ट होते हैं और मानव जीवन की महिमा पुष्ट होती है। इसलिए आवश्यकता यही है कि हम अपने सोचने का तरीका और दृष्टिकोण बदलें। आनंदमय जीवन की कल्पना तभी प्रत्यक्ष होगी, जब मन में सत्संकल्प और सद्विचार सुदृढ़ होंगे। आइए अपने आनंदमय स्वरूप का चिंतन करें, सर्वकल्याण की कामना करें और परमात्मा की प्रकृति का सदुपयोग करें। ईश्वर ने इतने उपहार दिए हैं, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। जब परमात्मा ने बिना किसी शुल्क के हमें इतने वरदान दिए हैं तो क्यों न हम भी प्राणिमात्र की सेवाओं को जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं? पूर्ण आत्मविश्वास के साथ निडर होकर जीवन क्षेत्र में आगे बढ़ते रहें। हमारा जीवन अमरत्व की साधना है। मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ना ही जीवन का पर्व है। इस जीवन पर्व को उल्लास और आनंद के साथ पूर्णता दें।

## संपादकीय

# मुक्त व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की उम्मीद

भारत और ओमान के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते बहुत पुराने हैं। आपसी विश्वास और सम्मान के आधार पर दोनों रणनीतिक साझीदार रहे हैं। अब दोनों देशों के रिश्ते नए दौर में प्रवेश करने जा रहे हैं। ओमान के शासक सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद पहली बार भारत की यात्रा पर आए हैं। यह छब्बीस वर्ष बाद ओमान के किसी शासक की यात्रा हुई है। राष्ट्रपति भवन में उनके राजकीय स्वागत और फिर उनसे बातचीत के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के बाद दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक दौर में पहुंचने वाले हैं। हैथम की इस यात्रा से दोनों देशों में मुक्त व्यापार समझौते के जल्द से जल्द पूरा होने की उम्मीद बनी है। पिछले महीने के आखिरी और इस महीने के पहले सप्ताह में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इस विषय में दो दौर की बातचीत हो चुकी है। फिलहाल दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार के लिए संयुक्त दृष्टि दस्तावेज को स्वीकार किया है, जिसमें समुद्री क्षेत्र, संचार, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा में साझेदारी प्रमुख हैं। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्तवर्ष में भारत और ओमान के बीच 12.39 अरब डालर का कारोबार हुआ, जबकि उसके पहले के वित्तवर्ष में यह 5.4 अरब डालर का था। स्वाभाविक ही इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक साझेदारी बढ़ाने को लेकर उत्साह है। वर्ष 2008 के बाद से विभिन्न मुद्दों पर दोनों देशों के बीच नियमित वार्ता और करार होते रहे हैं। सुरक्षा सहयोग, प्रतिरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और संरक्षा सहित आपसी हितों के मुद्दों पर वार्षिक बैठकें होती रही हैं। ओमान एक ऐसा देश है, जिसके साथ भारत की तीनों सेनाओं के अभ्यास आयोजित होते रहे हैं। फिर वह हिंद महासागर और अरब सागर की एक ऐसी संधि पर स्थित है, जिसके साथ भारत के रिश्ते रणनीतिक रूप से बहुत लाभकारी हैं। खासकर समुद्री सुरक्षा के मामले में चीन से मिल रही चुनौतियों के मद्देनजर ओमान की दोस्ती ज्यादा अहम है। उससे भारत के सामरिक, सुरक्षा, आतंकवाद, नई तकनीकों के जरिए मिल रही चुनौतियों आदि से पार पाने संबंधी समझौते हैं। फिर वह खाड़ी सहयोग परिषद, अरब लीग तथा हिंद महासागर रिम एसोसिएशन में एक महत्त्वपूर्ण वाताकार है, जिसके चलते खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों में संतुलन बनाने में मदद मिलती है। ओमान के रास्ते खाड़ी देशों से व्यापार में सहूलियत होती है। अभी जिस तरह वैश्विक स्थितियां बदल रही हैं और उनमें आर्थिक, व्यापारिक, सामरिक समीकरण उलझ रहे हैं। महाशक्तियां अपने ढंग से विश्व अर्थव्यवस्था को संचालित करने की कोशिश कर रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और फिर इजराइल-हमास संघर्ष के चलते सबसे अधिक असर विकासशील और अविकसित देशों की आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए अधिक पैसा खर्च करना पड़ रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# निष्पक्षता पर सवाल

देश में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए पहली बार कानून बनने जा रहा है, लेकिन इससे जुड़े विधेयक पर सवाल उठ रहे हैं। जिस संशोधित विधेयक को राज्यसभा ने पारित किया है, उसमें किए गए प्रावधान संवैधानिक पदों पर नियुक्ति करने के लिए सर्वोत्तम मानकों से कम बताए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रोहिंटन नरीमन ने इन प्रावधानों पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और एक विपक्ष के नेता की चयन समिति द्वारा की जाती है तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कल्पना बनकर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो अदालत को इसे निरस्त कर देना चाहिए। इस विधेयक का नाम है, ''मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति शर्तें और पद अवधि) विधेयक, 2023'' । अगस्त में यह विधेयक पहली बार पेश किया गया था। तब इसके कुछ प्रावधानों की जबरदस्त आलोचना हुई थी। सरकार ने बदलाव तो किए, लेकिन इसमें महत्त्वपूर्ण दोषों को ठीक नहीं किया गया। मुख्य दोष यह माना जा रहा है कि नियुक्तियां अब विशुद्ध राजनीतिक होंगी। सरकार ने दावा किया कि यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तैयार किया गया है। यह केवल आधा सच है। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए संविधान या 1991 के कानून में कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी और यह एक ऐसी खामी थी, जिसको लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर सवाल उठते रहे। इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रक्रिया तैयार करने का सुझाव दिया। कहा गया कि इसके तहत प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) चयन करेंगे, जिससे नियुक्तियों में विश्वास और मतदाता की नजर में आयोग की विश्वसनीयता मजबूत हो। लेकिन राज्यसभा में पारित विधेयक में सरकार ने प्रधान न्यायाधीश को प्रक्रिया से बाहर रखा है। समिति में भले ही विपक्ष की उपस्थिति है, लेकिन यह भागीदारी औपचारिक मात्र होगी। ऐसे में आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता महत्त्वपूर्ण है, जो एक मजबूत लोकतंत्र का केंद्र है। जाहिर है, आयोग में होने वाली नियुक्तियों को लेकर विश्वसनीयता का संकट उचित नहीं है। चुनाव आयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कार्यात्मक स्वतंत्रता और संवैधानिक संरक्षण की आवश्यकता होती है। चुनाव आयोग से उम्मीद की जाती है कि देश में जहां भी चुनाव हों वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया जाए। अकेले चुनाव आयोग ही नहीं, बल्कि सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती है। चुनाव कराने वाली पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल न उठे, इसका ध्यान सभी को रखना होगा। ध्यान रखना होगा कि लोकतांत्रिक ढांचे के लिए अहम संस्थाओं का क्षय न हो। ऐसी संस्थाएं ही लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखती हैं। निर्वाचन प्रणाली पर जनता का यकीन कायम रहना, लोकतंत्र की सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

# अशोक नगर जैन समाज ने किए मुनि पुंगव को श्री फल भेंट

## गांव मन्दिर को भव्य रूप देने का संकल्प व्यक्त किए समाज ने

### मन्दिर हमारी संस्कृति को संरक्षण देने वाले हैं इनकी देखभाल करना कमेटी का काम है: मुनि पुंगव

**आगरा. शाबाश इंडिया**

अशोक नगर के प्राचीन जिन मन्दिर को नवीन रूप में भव्यता प्रदान कर जिन मन्दिर के पंचकल्याणक महोत्सव भव्य रूप कराने की भावना लेकिन श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई के नेतृत्व में जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आगरा में विराजमान मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के सबसे पुराने गांव मन्दिर की प्रतिष्ठा की भावना है। उक्त आश्य की जानकारी देते हुए जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने आगरा से लौटकर बताया कि गांव में चल रहे कार्य को शीघ्र पूरा कर श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा को लेकर नगर गौरव प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया शुयस के माध्यम से मन्दिर संवधी सम्पूर्ण रूप रेखा पंचायत ट्रस्ट कमेटी ने मुनि श्री के समक्ष प्रस्तुत की और आ रही परेशानियों से अवगत कराया इस दौरान समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि गांव मन्दिर शहर का सबसे पुराना मन्दिर है आचार्य श्री के आशीर्वाद से गुरु देव आपके निर्देर्शिन अनुसार काम हो रहा है हम सब चहेते हैं कि आपके चरण अशोक नगर की धरा पर पड़े महामंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि पंचायत कमेटी ने मन्दिर निर्माण की पूर्णता का संकल्प लिया था और आपके वताये अनुसार काम चल रहा है मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि गुरु देव सभी की भावना है कि त्रिकाल चौबीस की प्रतिष्ठा को वर्षों वीत गये फिर एक बार मौका मिले।



### मुनि पुंगव को श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया

इस दौरान कमेटी ने मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ श्री गम्भीर सागर जी महाराज को श्री फल भेंट किए प्रतिनिधि मंडल में समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष राजेंद्र अमन प्रदीप तारई मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर संयोजक उमेश सिघई संयोजक गांव मन्दिर मनीष सिघई राधेलाल चाचा राजीव चन्देरी टिंकल जैन आनंद जैन जे की अखाई विमल जैन राकेश वजाज संजीव परिधान राजू पिपरई लोकेन्द्र अथाइखेडा हेमू सिन्नी वाले राकेश मुगल सराय संस्कार जैन सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जिन मन्दिर कोई साधारण चीज नहीं है इसके चमत्कार को समझें: मुनि पुंगव

जिज्ञासा समाधान के दौरान दौरान निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज ने कहा कि जिन मन्दिर कोई साधारण चीज नहीं है इनके चमत्कार को समझें संकेत को पहचानें ये वो आयेतन है जिनसे संस्कृति वनती है किसी भी देश की संस्कृति से ही उसकी पहचान होती है इसको आगे बढ़ने के लिए मन्दिरो में पाठशाला होना चाहिए वच्चो में संस्कार पाठशाला से विकसित होंगे नवीन मन्दिर के साथ पाढ शाला के लिए भी स्थान होना चाहिए गांव मन्दिर का मुझे सब कुछ पता है।







आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने कहा...

## झूठ बोलने की अपेक्षा हमें सच का सहारा लेना चाहिए



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में विराजित धर्म की महती प्रभावना कर रही है। जयपुर निवाई, चाकसू आदि समाज गुरु माँ की चर्या से जुड़ रही है। पूज्य माताजी ने सभी को मंगल उद्बोधन देते हुए कहा कि - झूठ बोलने की अपेक्षा हमें सच का सहारा लेना चाहिए। वास्तव में झूठ बोलने की भावना व्यक्ति के कर्म बांधती है। जब कोई व्यक्ति आज झूठ बोलता है तो उसे अगले जन्म में उन कर्मों का फल मिलता है। इसलिए आपको कभी भी झूठ बोलने का इरादा नहीं रखना चाहिए। झूठ बोलने के कई दुष्परिणाम होते हैं जो हमारे लिए दुःखदायक होते हैं । आप लोगों का विश्वास खो देंगे और जब आप दूसरों का विश्वास खो देंगे, तो एक व्यक्ति के रूप में आप अपना मूल्य खो देंगे। कोई भी आप पर विश्वास नहीं करेगा। यदि कोई आपसे झूठ बोलता है और आपको पता चल जाता है, तो आपको दुख होता है तो,आपको यह समझना चाहिए कि यदि आप झूठ बोलते हैं, तो इससे दूसरों को दुख होता है। एक झूठ छुपाने के लिए हमें और झूठ बोलना पड़ सकता है। जब आप झूठ बोलते हैं तो आपको पकड़े जाने पर बेचैनी और डर महसूस होता है। जब कोई व्यक्ति अपने स्वार्थी उद्देश्यों के लिए झूठ बोलता है, तो इसका परिणाम पशु साम्राज्य में पुनर्जन्म होता है। यदि आप पुण्यकर्मों के प्रकट होने के दौरान झूठ बोलते हैं तो हो सकता है कि आप पकड़े न जाएं, लेकिन अगले जन्म में आपको इसकी सजा मिलेगी। अगले जन्म में यदि आप सच भी बोलेंगे तो आपको झूठ बोलने का दोषी ठहराया जाएगा, जिससे आपको बहुत कष्ट सहना पड़ेगा।

## 24 दिसम्बर को मनाएंगें विश्व णमोकार दिवस

**जयपुर. कासं।** जैन धर्म एवं जैन समाज की प्रभावना के लिए कटिबद्ध संस्था ''सामुहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था'' जयपुर (फेडरेशन) के तत्वावधान में देश-विदेश में विश्व णमोकार दिवस का आयोजन रविवार 24 दिसम्बर, 2023 को जयपुर, की सभी शाखाओं के सहयोग से प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजस्थान, भारतवर्ष सहित विश्व के अनेक देशों में आयोजित किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष राकेश गोधा व महामंत्री धीरज पाटनी ने बताया कि णमोकार महामंत्र के सामूहिक जाप का जीवन में बहुत सकारात्मक असर रहता है। इसमें पंच परमेष्ठी को नमन किया गया है। इसके जीवन में लगातार जाप का चमत्कारिक असर दिखाई देता है ।इसलिए विश्व णमोकार दिवस के माध्यम से इसकी प्रभावना के लिए विश्वभर में लगभग 500 से भी ज्यादा मन्दिरों, स्थानों व निवास पर रात्रि 7.30 से 8.30 के बीच सामूहिक णमोकार की 1 माला और भजनों की प्रस्तुति से अपने जीवन को धन्य किया जाता है।

# 'कन्नप्पा' में विष्णु मांचू के साथ दिखाई देंगी प्रीति मुकुंदन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



मौजूदा समय में भारत के सबसे रोमांचक प्रोडक्शंस में से एक, विष्णु मांचू की कन्नप्पा दर्शकों और फैंस के सिर चढ़ कर बोल रही है। फिल्म के एक प्रभावशाली फर्स्ट लुक की पेशकश करने के बाद, मेकर्स का पूरा ध्यान अब प्रतिभाशाली प्रीति मुकुंदन पर है, क्योंकि उनका नाम भी इस महान एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गया है। नवोदित प्रीति का सिनेमा की दुनिया में यह पहला कदम है। ऐसे में, प्रीति की कास्टिंग को ग्रैंड एंट्री कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा, क्योंकि अपने डेब्यू के साथ ही उन्हें प्रशंसित अभिनेता विष्णु मांचू के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने का मौका मिल रहा है जो किरदार प्रीति को ऑफर किया गया है, फिल्म में वह बेहद महत्वपूर्ण है, जिसकी भूमिका के लिए मेकर्स बहुत ही कठिन कास्टिंग प्रक्रिया से होकर गुजरे। इस किरदार के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति की तलाश थी, जिसके लिए कई ऑडिशंस हुए। एक विस्तृत खोज के बाद, फिल्म मेकर्स ने प्रीति मुकुंदन की अद्भुत प्रतिभा और अद्वितीय आकर्षण की पहचान की। इसे प्रीति के एक आशाजनक करियर की शुरूआत कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि सिनेमा जगत में प्रवेश करते ही उन्हें विष्णु मांचू, मोहनलाल और प्रभास सहित इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े नामों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने का अनूठा अवसर मिल रहा है। भरतनाट्यम नृत्यांगना के रूप में प्रीति की पृष्ठभूमि उनके किरदार में एक अद्वितीय कलात्मक आयाम लाती है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा में अतिरिक्त स्पर्श जोड़ती है। कन्नप्पा एक से बढ़कर एक एक्शन सीन्स के साथ दर्शकों को उनकी नृत्य विशेषज्ञता का मिश्रण परोसने का वादा करती है, जो न सिर्फ दर्शकों के लिए एक शानदार विजुअल ट्रीट होगी, बल्कि समग्र सिनेमाई अनुभव की पेशकश भी करेगी। इसके बारे में बात करते हुए, निर्देशक मुकेश कुमार सिंह कहते हैं, प्रीति के लिए, यह फिल्म इंडस्ट्री में सिर्फ एक शुरूआती कदम ही नहीं है, बल्कि कला और सिनेमा की दुनिया में एक शानदार छलांग भी है, उन्हें अभी बहुत कुछ सीखना है। हमें उन्हें इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त पाया और हम उनके साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

# विश्व शांति जन कल्याण के लिए की गई भगवान आदिनाथ की आराधना

**अजय जैन. शाबाश इंडिया**



अम्बाह। बड़े जैन मंदिर में अंबाह जैन समाज संगठन के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे स्वर्गीय भरोसी लाल जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर भगवान आदिनाथ को समर्पित भक्तामर स्तोत्र के अखंड पाठ का आयोजन श्रद्धालुओं ने किया। यह पाठ जैन संत विगुण सागर की मंगल प्रेरणा से किया गया।आयोजन के दौरान आचार्य मानतुंग द्वारा रचित भक्तामर के श्लोकों का भक्तों ने अनवरत वाचन किया। भक्तामर पाठ संगीतमयी भक्ति के साथ किया गया। इस पाठ का कुशल संयोजन कुमारी दीप्ति जैन ने किया। इस महा अर्चना पाठ के लिए श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा व पूजन मंत्रोच्चार के साथ किया। मांगलिक क्रियाएं शुचि दीदी ने कराई। इस पावन अवसर पर आयोजित धर्मसभा में संत विगुण सागर जी महाराज ने कहा कि जब आचार्य मानतुंग अपने आपको जिनेंद्र प्रभु के चरणों में समर्पित करते थे तो उनके अंतर्मन से भक्ति काव्य की धारा प्रस्फुटित होती थी और इसी धारा के चलते भक्तांबर महास्रोत की रचना हुई कहने को तो इसमें मात्र 48 श्लोक ही हैं, पर सचमुच इसकी गहराई में उतरा जाए तो भक्ति भावना से जुड़ी प्रभावी साधना का यह समूचा दर्शन है। स्वयं आचार्य मानतुंग इस काव्य की रचना करते करते बंधनमुक्त हो गए थे। इस स्तोत्र के माध्यम से आदिनाथ भगवान की स्तुति की जाती है। वही आयोजन में 48 दीपकों के द्वारा जिनेंद्र प्रभु की महाआरती का आयोजन किया। जानकारी रहे कि भगवान शांतिनाथ का यह मंदिर अतिशयकारी है। इस अवसर पर अनिल कुमार जैन बडे,पवन कुमार जैन छोटू,श्री मती रीता जैन,विमल भण्डारी, दीप्ति जैन, चीकू जैन,आकाश जैन लाला,श्रीमती सरस जैन,श्रीमती ऊषा भण्डारी आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संगोष्ठीः जैन परम्परा में पर्यावरण चिंतन

## जैन धर्म का प्रमुख संदेश अहिंसा परमो धर्मः है लेकिन आज पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं को देखते हुए इस पर्यावरण सरक्षण परमो धर्मः का नारा बुलंद करना चाहिए यह समय की महत्ती आवश्यकता हैः प्रो. वीरसागर जैन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव एवं जैन अनुशीलन केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय के 50वें स्थापना वर्ष एवं श्री हरि सिंहजी रांका की स्मृति में ''जैन परम्परा में पर्यावरण चिंतन'' विषय पर जैन अनुशीलन केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' आयोजित की गई है। संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र प्रातः 10 बजे हुआ जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप माननीय न्यायमुर्ति नगेन्द्र कुमार जैन पूर्व मुख्य न्यायधीश मद्रास व कर्नाटक उच्च न्यायालय रहे, मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. वीरसागर जैन, जैन दर्शन विभागाध्यक्ष, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीना कमल रांका, ट्रस्टी मीना रांका फैमिली फाउंडेशन रही।






# नवनिर्वाचित जैन विधायकों का अभिनंदन

## ओसवाल सम्मेलन एवं स्नेहमिलन समारोह 24 को



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** ओसवाल सभा, उदयपुर के सभी कार्यकारिणी सदस्य,कार्य परिषद सदस्य, संरक्षक, परामर्शदाता एवं सहवरित सदस्यों की बैठक ओसवाल भवन परिसर में ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र कोठारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ओसवाल सभा के नवीन सदस्यता अभियान की प्रगति, संविधान संशोधन की प्रगति, सकल जैन समाज के नव निर्वाचित विधायकों के अभिनंदन, कार्यकारिणी विस्तार हेतु संरक्षक, परामर्शदाता, सहवरित सदस्य विभिन्न प्रकोष्ठों के गठन, कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बढ़ाए गये मनोनित कार्य परिषद सदस्यों, ओसवाल सम्मेलन व स्नेहभोज, सदस्यों को आयकर (80जी) की छूट हेतु नवीन कॉर्डिनेटर मनोनयन आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान डॉ प्रमिला जैन द्वारा संपादित ओसवाल सभा की प्रथम त्रैमासिक बुलेटिन ह्वओसवाल संदेशह्व का विमोचन अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कोठारी, उपाध्यक्ष डॉ. तुक्तक भानावत, आ. सी. मेहता, सचिव आनंदीलाल बंबोरिया, डॉ. प्रमिला जैन, ऑडिटर अंशुल मोगरा, किरण पोखरना, कुंदनलाल भटेवरा आदि पदाधिकारियों द्वारा किया गया। उपाध्यक्ष डॉ. तुक्तक भानावत ने बताया कि आगामी 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित जैन विधायकों का अभिनंदन तथा ओसवाल सम्मेलन एवं स्नेहमिलन समारोह शुभ केसर गार्डन में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया, राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया एवं ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कोठारी होंगे। विशिष्ट अतिथि आईपीएस भूपेन्द्र दक, प्रसन्न खमेसरा, राजीव दासोत, आईएएस रवि जैन, नमित मेहता, लविश ओर्डिया, हर्ष सावनसुखा, आईएफएस आर. के. जैन तथा नगर निगम उपमहापौर पारस सिंघवी होंगे।



# भूमि फिनकेप प्रा. लि. को मिला बेस्ट टीम अवार्ड




**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**
मुंबई। गांधीनगर स्थित भूमि फिनकेप प्राइवेट लिमिटेड को बेस्ट टीम का पुरस्कार मुंबई स्थित होलीडे इन होटल में दिया गया I यह जानकारी देते हुए कंपनी के डायरेक्टर पुनीत सोमानी ने बताया कि गेन स्किल द्वारा देशभर से चयनित फाइनेंस क्षेत्र से जुड़ी (स्माल स्केल) 150 NBFC (एनबीएफसी) में से बेस्ट टीम के लिए भूमि फिनकैप का चयन किया गया। इस अवार्ड हेतु कंपनी के पुनीत सोमानी एवं CA सुनील सोमानी को मुंबई आमंत्रित किया गया जहां गेन स्किल कंपनी द्वारा आयोजित समारोह में महानगर गैस लिमिटेड (MGL) के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) राजेश पटेल द्वारा प्रदान किया गया, इस अवसर पर पिरामल ग्रुप, टाटा ग्रुप, ओनिडा, लिबर्टी स्टील ग्रुप, एकोन ग्रुप सहित अनेक फाइनेंस कंपनियों के CFO व डायरेक्टर उपस्थित थे.

## आध्यात्मिक संत आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 52वां जन्म दिवस समारोह श्रद्धा पूर्वक मनाया गया



**मड़ावरा, ललितपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन परंपरा के सुप्रसिद्ध प्रमुख संत, चर्या शिरोमणि, आध्यात्मिक संत आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का 52वां जन्म दिवस समारोह मड़ावरा में हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर आयोजित परिचर्चा में आचार्यश्री के अवदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन समाज श्रेष्ठी डॉ विरधी चंद्र जैन एवं राजू सौरया ने किया। इसके बाद दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा द्वारा संचालित श्री वर्णी बाल विद्या मंदिर मड़ावरा में फल वितरण एवं विशेष सहयोग किया गया। आयोजन को सफल बनाने में वीरेंद्र जैन लालू, राजेश राजू गैस, डी. के. सराफ, कमलेश जैन, मयंक जैन प्रकाश मेडिकल, राजेश खुटगुवा, सुधीर जैन, शीतल जैन बरायठा, प्रिंस कारीटोरन, प्रवीण सेठ, सुनील जैन फर्नीचर, चेतन जैन, अनुभव कपासिया आदि का योगदान रहा।

## ''एक शाम पंकज के नाम'' भजन संध्या का आयोजन



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** जैन जगत का विश्व प्रसिद्ध गीत ''तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा'' के रचियता अजमेर नगर के कविराज माणक चंद पाटनी ''पंकज'' की28 वी पुण्यतिथि पर दिगम्बर जैन संगीत मंडल अजमेर के कलाकारों द्वारा ''एक शाम पंकज के नाम'' भक्ति संध्या का आयोजन दिगम्बर जैन मंदिर पार्श्वनाथ कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर पर किया गया। प्रज्ञा श्रमण मुनि अमित सागर जी महाराज के आशीर्वाद से प्रति वर्ष आयोजित होने वाली भजन संध्या में संगीत रत्न प्रो .सुशील पाटनी के निर्देशन में संजय पहाड़िया, सुभाष पाटनी, सुशील दोसी, वीरेंद्र जैन, धनकुमार लुहाड़िया, अनिल पाटनी ने कार्यक्रम की शुरूआत पंकज के विश्वप्रसिद्ध भजन ''तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा से करते हुए'' आज मैं महावीर जी आया तेरे दरबार में , 'मन नाच उठा मेरा कि अब जिनराज का दर्शन पाया,' 'नमन तुमको करते हैं महावीर हम', 'वीर तुम्हारे नाम से मिलता है सुख चैन' 'भुलाना न पार करो न करो' , प्रभु हम सबका एक तू ही है तारण हारा ''आ गया आ गया शरण तिहारी'' जैसे अनेक पंकज के आध्यात्मिक भजन प्रस्तुत करते हुए भावविभोर कर दिया। संयोजक भरत बड़जात्या ने बताया कि भजन संध्या में खचाखच भरे प्रांगण में पंकज के पुत्र विनय, श्रेयांस, हर्ष, सिद्धार्थ पाटनी सहित, सुशील बाकलीवाल, वीरेंद्र बाकलीवाल, बंटी गदिया , राजेश काला, अतुल पाटनी, अमित बेद, कोमल लुहाड़िया,मनोज गोधा, देवेंद्र बाकलीवाल, अजीत बड़जात्या, उर्मिला पाटनी, अनिता पाटनी, भावना बाकलीवाल, मधु पाटनी, शांता काला, अनिता बड़जात्या सहित समाज के अनेक गणमान्य महिला पुरुषों ने भाग लेकर पंकज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

**श्री पंकज जी - श्रीमती नीना जी जैन**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानित सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (20 दिसंबर) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं




शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com